मानसरोवर यात्रियों को 50-50 हजार के चेक

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

94 कैलाश यात्रियों को सीएम ने पचास-पचास हजार रुपये के चेक प्रदान किए

71 सिंधु दर्शन करने वाले यात्रियों को सीएम ने दस-दस हजार रुपये चेक दिए

भाजपा के संकल्प पत्र में कैलाश मानसरोवर यात्रियों के लिए सुविधाएं देने का वादा किया था। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले 94 यात्रियों को 50-50 हजार रुपये का चेक अनुदान के तौर पर दिया। मुख्यमंत्री आवास में धर्मार्थ कार्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सिंधु दर्शन करने वाले 71 यात्रियों को भी 10-10 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। साथ ही सीएम ने विभाग की बेवसाइट का शुभारंभ भी किया। अब मानसरोवर यात्रा और सिंधु दर्शन के अनुदान इसी साइट पर आनलाइन किए जाएंगे। साथ ही बेवसाइट से वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में आनलाइन आरती बुकिंग और प्रसाद प्राप्त किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कैलाश मानसरोवर यात्रा-2016 और लेह स्थित सिंधु दर्शन-2016 में करने वाले यात्रियों को अनुदान दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित धार्मिक स्थल और नेपाल, तिब्बत में स्थित स्थल भले ही राजनीतिक तौर पर अलग हों लेकिन यह सभी एक सांस्कृतिक सूत्र में बंधे हैं। यात्राएं देश को एक करती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे तो धार्मिक यात्राओं के लिए सरकार से अनुदान नहीं लेना चाहिए। धार्मिक यात्राएं जन सहयोग और समाज को अपने प्रयास से करनी चाहिए। कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाना अब भी मुश्किल है।

सीएम ने कहा कि यूपी में भी धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। इसके जरिए रोजगार और क्षेत्र का विकास भी हो सकेगा। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर चुकी है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में बनने वाले मानसरोवर भवन में अमरनाथ यात्रा, सिंधु यात्रा और मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए इंतजाम किए जाएंगे।